हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 नवंबर 2024
[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]



## खबर संक्षेप

### मसीहीजनों की चुनाव ड्यूटी नहीं लगाने की मांग

**रायपुर।** 'क्रिसमस' के अवसर पर मसीही समाज ने एक जनवरी तक मसीही अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनाव प्रक्रिया, प्रशिक्षण और चुनाव ड्यूटी नहीं लगाने की मांग राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह से की है। साथ ही पत्र की प्रति मुख्यमंत्री, डिप्टी सीएम एवं मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को भेजी गई है। समाजसेवी एवं सेंट पॉल्स कैथेड्रल पास्ट्रेट कोर्ट के अध्यक्ष जॉन राजेश पॉल, सचिव पर्सिस सामुएल, सदस्य एडवोकेट सरिता सिंह, मुकेश पॉल व दीपक दास ने श्री सिंह से निवेदन किया है कि छत्तीसगढ़ के साथ ही संपूर्ण विश्व प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव 25 दिसंबर को मनाया जाएगा। पहली जनवरी नववर्ष तक यह पर्व मनाया जाएगा। मसीहीजनों के लिए आत्मिक और आध्यात्मिक रूप से दिसंबर का महीना बेहद महत्वपूर्ण है। महीनेभर विभिन्न पवित्र संस्कारों के साथ आराधनाएं होंगी। जैसा कि सूचनाएं मिल रही हैं कि दिसंबर मध्य से लेकर जनवरी में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संभावित हैं।

### उत्साह पूर्वक मनाई जा रही गीता जयंती

**रायपुर।** मान्यता के अनुसार मोक्षदा एकादशी के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था और तभी इस दिवस को गीता जयंती के रूप में मनाया जाता है। राजधानी में गीता परिवार रायपुर शाखा द्वारा 26 नवंबर उत्पन्ना एकादशी से 11 दिसंबर मोक्षदा एकादशी तक पंद्रह दिनी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि के दौरान अलग-अलग दिनों में अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर गीता पारायण आरती सहित अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।11 दिसंबर अंतिम दिन सदर बाजार गोपाल मंदिर में दोपहर गीता परिवार द्वारा 18 अध्याय का पारायण आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा।

### मेहर समाज की बैठक 1 दिसंबर को

**रायपुर।** केंद्रीय सामाजिक भवन महादेव घाट रायपुरा में एक दिसंबर को छत्तीसगढ़ मेहर समाज की बैठक होगी। यह जानकारी समाज के महासचिव राकेश मेहर ने देते हुए बताया कि बैठक में प्रदेश स्तरीय परिचय सम्मेलन, स्नेह सम्मेलन पर चर्चा की जाएगी। यह बैठक दोपहर 12 बजे आरंभ होगी।

### आयुष्मान कार्ड बनवाने नागरिकों का किया सहयोग

**रायपुर।** नगर निगम के अलग-अलग जोनों में आयुष्मान कार्ड बनवाने से छूटे नागरिकों को सुविधा देने शिविर लगाया जा रहा है। इसी कड़ी में पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड के नागरिकों के लिए दुर्गा मैदान स्थित सेवा सदन में 3 दिवसीय आयुष्मान कार्ड शिविर आयोजित है। वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी ने शिविर स्थल पहुंचकर वार्ड वासियों को आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहयोग किया। नगर निगम जोन 4 क्षेत्र स्थित सेवा सदन दुर्गा मैदान में लगाए गए आयुष्मान कार्ड शिविर स्थल पर वार्डवासी अपने बच्चों को लेकर आयुष्मान कार्ड बनवाने पहुंचे।

# धूल वाले 4 इलाकों में वायु प्रदूषण कम करने होगा पानी का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

शहर और उससे लगे 4 इलाकों में वायु प्रदूषण कम करने नगर निगम अब पानी का छिड़काव कराएगा। भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल मार्ग, जीई रोड स्थित एम्स हास्पिटल के पास वाला एरिया, औद्योगिक क्षेत्र भनपुरी और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के समीप वाला मार्ग इसमें शामिल है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जल विभाग के अधिकारियों को इसके लिए रूट प्लान तैयार कर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित जल से धुंए का गुबार कम कराने निर्देश दिए हैं। ये ऐसे इलाके हैं, जहां धूल के गुबार से आए दिन लोग परेशान रहते हैं, वहीं वायु की गुणवत्ता भी इन इलाकों में बेहद खराब आकी गई है। सड़कों पर उड़ती धूल से वायु प्रदूषण के खतरे ने जहां आम आदमी की नींद उड़ा रखी है, वहीं केंद्र से शहर की वायु गुणवत्ता को सुधारने पंद्रहवें वित्त आयोग के माध्यम से अलग से राशि नगर निगम को दी गई है। सूत्रों के मुताबिक शहर से लगे औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा बेल्ट में प्रदूषण की भयावहता को देखते हुए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के साथ मिलकर रायपुर नगर निगम इस क्षेत्र में स्प्रिंकलर से धूल को दबाने पानी की फुहार छोड़ेगा। यही नहीं, सिलतरा क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रीन स्पेस का विस्तार करने बड़े पैमाने में पौधारोपण की योजना बनाई गई है। गांधी सदन में बुधवार को नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा की मौजूदगी में एयर क्वालिटी मानिटरिंग सेल की बैठक हुई। इसमें शहर की वायु गुणवत्ता को सुधारने के लिए अलग-अलग विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में यह तय हुआ कि शहर में खुले में कचरा जलाने वालों पर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी कार्रवाई करेंगे।

## नगर निगम के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित पानी का होगा उपयोग

### 15 साल पुरानी गाड़ियों को स्क्रैप करवाने पर जोर

शहर की सड़कों के सुधार कार्य करने और परिवहन विभाग के अधिकारियों को प्रदूषण फैलाने वाली गाड़ियों पर लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गये हैं। साथ ही 15 साल पुरानी हो चुकी गाड़ियों को स्क्रैप करवाने के लिए प्रेरित करने जोर दिया गया। जानकारों का कहना है कि शहर में पुरानी गाड़ियों से भी प्रदूषण ज्यादा फैलता है। इसीलिए पुराने वाहनों को स्क्रैप करवाने लोगों को जागरूक किया जाएगा।




### दोपहिया, तिपहिया ई व्हीकल के लिए खुलेंगे चार्जिंग पाइंट

नगर निगम आने वाले दिनों में पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत शहर में 3 लोकेशन पर ई व्हीकल चार्जिंग के लिए पाइंट की व्यवस्था कराएगा। खासकर के दोपहिया और तिपहिया वाहनों की चार्जिंग की सुविधा इससे आम जनता को मिलेगी।

# नॉमिनी बगैर बांट दिए स्थाई पट्टे, मुखिया की मृत्यु के बाद नाम चढ़ाने अब भटक रहे परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

पूर्व कांग्रेस शासन काल में नजूल की जमीन पर लंबे समय से रहने वाले परिवारों को स्थाई पट्टा बांटे गए थे। इन पट्टों को जिनके नाम पर बांटे गए हैं, उनमें ऐसे कई परिवार हैं, जिनके पट्टे में नॉमिनी का उल्लेख ही नहीं है, जबकि सर्वे के दौरान प्रत्येक व्यक्ति से उसकी जमीन, कब से निवास कर रहा है, पट्टा किसके नाम पर बनाना चाहता है और उसका नॉमिनी किसे बनाएंगे, इन सभी चीजों की बारीकी से पूछताछ करने के बाद ही लोगों को पट्टे बांटे गए थे, लेकिन इसके बाद भी जिन्हें पट्टे बांटे गए हैं, उनमें ऐसे सैकड़ों लोग हैं, जिनके पट्टे में नॉमिनी के नाम का उल्लेख ही नहीं है।

इधर नॉमिनी के नाम का उल्लेख नहीं होने के कारण पट्टेधारी की मृत्यु के बाद पट्टे में परिवार के अन्य सदस्य का नाम भी चढ़ नहीं पा रहा है। नाम चढ़ाने के लिए लोगों को अब नगर निगम और राजस्व विभाग कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

### राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत बांटे गए थे पट्टे


कांग्रेस शासनकाल में शहरी क्षेत्र में पट्टा देने के लिए रायपुर नगर निगम ने अप्रैल 2022 में सर्वे की शुरुआत की थी। राज्य सरकार की ओर से जारी राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत निगम क्षेत्र में 600 वर्गफीट तक की जमीन पर लंबे समय से रहने वाले लोगों को 30 साल के लिए स्थाई पट्टा दिया गया था। निगम क्षेत्र में ये पट्टे हजारों में बांटे गए थे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना का भी नहीं मिल पा रहा लाभ

स्थाई पट्टा एक व्यक्ति के नाम पर है। इसमें पुरुष और महिला दोनों में से एक व्यक्ति के नाम का उल्लेख है, जबकि सर्वे के दौरान लोगों से उनकी मृत्यु होने पर पट्टा किसके नाम पर रहेगा, इसके लिए नॉमिनी के नाम की भी जानकारी ली गई थी, लेकिन जब स्थाई पट्टे बांटे गए, तो उनमें नॉमिनी के नाम का उल्लेख करना ही विभाग भूल गया। यही कारण है कि अब जिन पट्टेधारी की मृत्यु हो चुकी है, उनके परिवार के सदस्यों को प्रधानमंत्री आवास योजना का भी लाभ नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि इस योजना के पात्र के लिए सबसे पहले जीवित व्यक्ति के नाम पर पट्टा होना चाहिए। ऐसे में लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का भी लाभ नहीं मिल पा रहा है।

**केस 1**

फुंडहर निवासी नीलाभ विश्वकर्मा के नाम पर पट्टा दिया गया था। इस पट्टे में नॉमिनी के नाम का उल्लेख नहीं है। नीलाभ की मृत्यु हो चुकी है। नीलाभ का परिवार कच्चे मकान में निवास कर रहा है, इसलिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान बनाना चाहते हैं, लेकिन पट्टे में परिवार के दूसरे सदस्य का नाम नहीं चढ़ पा रहा है, जिसके कारण प्रधानमंत्री आवास योजना का भी लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है।




### 30 साल के बाद करना है नवीनीकरण

लंबे समय से झुग्गी झोपड़ी और कच्चे मकान में रहने वाले लोगों को 30 साल के लिए यह स्थाई पट्टा दिया गया है। इस तरह 30 साल की समय अवधि पूरी होने के बाद ही पट्टा हितग्राही को फिर से अपना पट्टा नवीनीकरण कराना है।

**केस 2**

फुंडहर निवासी टीकम साहू को भी स्थाई पट्टा मिला था, लेकिन अब उसकी भी मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद उसके पट्टे पर परिवार के दूसरे सदस्य का नाम चढ़ नहीं पा रहा है। उसके परिवार के लोगों ने जोन-10 कार्यालय में भी आवेदन किया, लेकिन उन्हें वहां से निराशा हाथ लगी है।

**केस 3**

दुकालू निषाद निवासी फुंडहर को भी कांग्रेस शासनकाल में ही स्थाई पट्टा मिला था। यह पट्टा उसके नाम पर था। उसकी भी मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद उसके परिवार के सदस्य पट्टा में नाम बदलवाने के लिए निगम और राजस्व कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। इस परिवार को भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

**केस 4**

तुकाराम साहू ने बताया कि फुंडहर क्षेत्र में करीब 50 लोगों को कांग्रेस शासनकाल में स्थाई पट्टा वितरण किया गया है, लेकिन इन पट्टों में नॉमिनी का उल्लेख नहीं है। जिन लोगों के नाम पर पट्टे दिए गए हैं, उनमें कई लोगों की मृत्यु हो चुकी है। ऐसे में उनके परिवार के सदस्य अब पट्टे में परिवार के दूसरे सदस्य का नाम दर्ज कराना चाहते हैं।

### चेक कराता हूं ऐसा है तो निराकृत करेंगे समस्या

निगम क्षेत्र में पूर्व कांग्रेस शासन काल में बांटे गए स्थाई पट्टों में अगर किसी पट्टेधारी की मृत्यु हो चुकी है, तो उस परिवार का दूसरा सदस्य अपना नाम चढ़ाने आवेदन कर सकता है। अगर ऐसे मामले हैं, तो चेक कराता हूं। समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

*- अबिनाश मिश्रा, कमिश्नर, नगर निगम रायपुर*

**इंडोर स्टेडियम से लेकर जोन कार्यालय में बांटे गए थे पट्टे :** निगम ने इंडोर स्टेडियम से लेकर जोन कार्यालयों में स्थाई पट्टा का वितरण किया था। इंडोर स्टेडियम में एक कार्यक्रम आयोजित करके करीब पांच हजार लोगों को स्थाई पट्टे बांटे गए थे। इस कार्यक्रम में महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, पार्षद मनोज वर्मा, पार्षद मृत्युंजय दुबे समेत निगम के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## शासकीय विद्यालय बोदल में बच्चों ने लगाया बाल मेला




**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला बोदल में 27 नवम्बर को विद्यालय परिसर में छात्र–छात्राओं द्वारा बाल मेला का आयोजन किया गया। जहां बच्चों ने स्टालों में विभिन्न प्रकार के छत्तीसगढ़ी व्यंजन रखे। इस अवसर पर विद्यालय के अन्य बच्चों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सरपंच तीरथ देवी साहू, जनपद सदस्य दीपक साहू, टुवन लाल साहू, दयाराम साहू, बलराम अंगारे, रविशंकर यादव, भानु प्रकाश साहू, गुरुबच्चन, मुकेश, अल्का साहू, आरएस साहू, पदमनी साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### डॉ. ओमप्रकाश बने प्रदेश देवांगन समाज के अध्यक्ष

**रायपुर।** सांईस कॉलेज परिसर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडोटेरियम में बुधवार को प्रदेश देवांगन समाज छग का आमसभा एवं सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में समाज के संरक्षक, जिलाध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित समाज के सभी पदाधिकारियों ने कहा कि, देवांगन समाज के संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए एक शसक्त एवं सक्षम नेतृत्व की आवश्यकता है। इसके बाद सभी संरक्षकों और जिलाध्यक्षों से आम राय के बाद प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से डॉ. ओमप्रकाश देवांगन का नाम प्रस्तावित किया गया।

# धान उपार्जन केंद्रों में चाक-चौबंद व्यवस्था किसानों ने कहा इस बार कोई परेशानी नहीं







हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत जिले के धान खरीदी केन्द्रों में सुगमतापूर्वक धान खरीदी के लिए चाक–चौबंद व्यवस्था की गई है। बालोद जिले के किसानों ने व्यवस्था की सराहना की है।

बालोद विकासखण्ड के ग्राम खैरतराई के किसान छोटेलाल साहू एवं पारराास के किसान दुजराम ने कहा कि मुख्यमंत्री साय द्वारा 3100 रुपये की दर पर धान खरीदी का निर्णय लेकर राज्य के मेहनतकश किसानों के श्रम को सम्मानित किया है। किसानों ने कहा कि धान खरीदी केन्द्र में इस बार की गई व्यवस्था से हमें धान बेचने में काफी सहूलियत मिली है। ग्राम खैरतराई के किसान छोटेलाल साहू ने बताया कि इस वर्ष धान खरीदी केन्द्र में की गई बेहतर व्यवस्था से उसने समय पर अपना धान बेच लिया है। वहीं, धान बेचने के 02 दिन के भीतर ही उसके बैंक खाते में राशि भी प्राप्त हो गई है। धान विक्रय के लिए पहुंचे पारराास के किसान दुजराम ने धान विक्रय के लिए टोकन को दिखाते हुए कहा कि टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से हमें अब घर बैठे ही धान विक्रय के लिए टोकन लेने की सुविधा मिली है। इसके कारण हमें टोकन के लिए बार–बार खरीदी केन्द्र का चक्कर नहीं लगाना पड़ा। उन्होंने कहा कि मोबाईल के माध्यम से आसानी से टोकन मिल गया और हमने अपना धान आसानी से शीघ्रता के साथ कर लिया। इससे किसानों और खरीदी केन्द्र के कर्मचारियों का काफी समय बचा है और काम में भी काफी आसानी हुई है।

### दूसरी बार धान बेचने के लिए पहुंचा खरीदी केन्द्र

इसी तरह किसान ईश्वर लाल साहू ने कहा कि वे प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से धान बेच रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे इस वर्ष दूसरी बार धान बेचने के लिए खरीदी केन्द्र आए हुए हैं। ईश्वर ने बताया कि इस बार धान खरीदी केन्द्र में इलेक्ट्रानिक तौल मशीन का उपयोग धान को तौलने में किया जा रहा है। इससे कम समय में ही धान की तौल पूरी हो पा रही है, जो हम किसानों और कर्मचारियों के लिए काफी सहूलियत भरी सुविधा है। किसानों के हित में शासन द्वारा किए जा रहे है कार्य किसानों की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाया है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 29 नवंबर 2024

12 आयुष स्वास्थ्य शिविर में 487 लोगों की जांच, निःशुल्क उपचार कर ...



10 शासकीय विद्यालय बोदल में बच्चों ने लगाया बाल...





## खबर संक्षेप

### जिले की सभी 437 ग्राम पंचायतों के विकास के लिए 194 करोड़ स्वीकृत

**बालोद।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि जिले की सभी 437 ग्राम पंचायतों के जनसंख्या के आधार पर ग्राम पंचायतों के मूलभूत विकास कार्य के लिए कुल 194.41 लाख रूपये की राशि जारी की गई है। इसके अंतर्गत बालोद विकासखण्ड के 60 ग्राम पंचायतों में मूलभूत कार्य हेतु 24.28 लाख रुपये, डौण्डी विकासखण्ड के 62 ग्राम पंचायतों के लिए 40.86 लाख रुपये, विकासखण्ड डौण्डीलोहारा के 120 ग्राम पंचायतों के लिए 49 लाख रुपये एवं विकासखण्ड गुण्डरदेही के 117 ग्राम पंचायतों के लिए 46.87 लाख रुपये तथा विकासखण्ड गुरूर के 78 ग्राम पंचायतों के लिए 33.38 लाख रुपये की राशि ग्राम पंचायतों के खाते में हस्तांतरित किया गया है।

### शीतला मंदिर से माता के गहने और नकदी चोरी

**भिलाई।** टंकी मरोदा स्थित मां शीतला कल्याणी मंदिर में चोरी की घटना हुई। चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर गर्भगृह में पहुंचे और यहां माता की श्रृंगार सामग्री और दान पेटी में रखे गए नगदी ले गए। । नेवई पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है। पुलिस के मुताबिक मंदिर के पुजारी 24 नवंबर को रोजाना की तरह रात्रि करीब 9 बजे मंदिर बंद कर ताला लगाकर अपने घर चले गया । 25 नवंबर को सुबह करीब 6:50 बजे मंदिर आया तो देखा कि मंदिर के सामने का चैनल गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो माताजी के पास रखे दानपेटी का ताला टूटा हुआ था। दानपेटी में चढ़ा दान का पैसा दानपेटी में नहीं था । रकम लगभग 8000 रूपये तथा माताजी को पहनाया अर्टिफिशियल माला कीमती करीब 300/- रूपये कुल जुमला 8300/- रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है ।

### मोबाइल छीनने वाले दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** पुरानी थाना भिलाई ने मोबाइल छीनने वाले दो आरोपी युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपी एस. वंशी उर्फ रॉकी पिता एस. देवा उम्र 21 वर्ष निवासी शीतला मंदिर के पास बालाजी नगर खुर्सीपार और दीपक कुमार भारती पिता रमेश चंद भारती उम्र 19 वर्ष निवासी शिव मंदिर के पास डबरापारा हैं। इन युवकों ने प्रार्थी सोमेश साहू उम्र 18 वर्ष निवासी मकान नम्बर ई-78 बिजली नगर कबीर पान ठेला के पीछे रहने वाले से मोबाईल छीन कर भाग गए थे। सोमेश इंटरनेट स्लो चलने से घर से बाहर निकलकर बस स्टाप के पास आकर बैठा था। रात्रि करीबन 10.10 बजे एकता नगर की ओर से ये आरोपी आए और मोबाईल को झपटकर भाग गए थे।

### तालाब किनारे मलबा डालकर कब्जा, जुर्माना

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत डिबरा पारा तालाब के किनारे व नाली को कब्जा कर पाटा जा रहा था। जिसकी शिकायत अधिकारियों से की गई थी। वार्ड नंबर 39 स्थित गर्वमेंट स्कूल के पीछे पोटिया जाने वाले मार्ग में मुकेश सोनकर द्वारा डिपरापारा तालाब व नाली को धड़ल्ले से पाटकर बंद किया जा रहा था। निगम की टीम ने पांच हजार रूपए का जुर्माना वसूल किया हैं। कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश एवं भवन अधिकारी गिरीश दिवान के मार्गदर्शन पर मौके पर उपअभियंता करण यादव, अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता द्वारा टीम के साथ पहुँचकर तालाब स्थल का निरीक्षण करने पर पाया गया। जो स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। तालाब में मलबा पाटकर नाली को बाधित किया रहा था। इस दौरान अधिकारियों ने निरीक्षण कर दिनेश सोनकर को दोबारा ऐसा नही करने की चेतावनी देते हुए पांच हज़ार का जुर्माना लगाया।

# सुरक्षित पक्के आवास का निर्माण करना किसी बड़े सपने के साकार होने जैसा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

देश के प्रत्येक गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित एवं पक्का आवास प्रदान करने के लिए प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री आवास योजना आवासहीन जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के फलस्वरूप अनेक आवासहीन परिवार जिनके लिए घोर गरीबी एवं विकट परिस्थितियों के कारण अपने लिए सुरक्षित आवास का निर्माण करना केवल सपना जैसा था। यह योजना ऐसे जरूरतमंद परिवारों को बेहतर आवास प्रदान कर उन्हें सुरक्षा मुहैया कराने के साथ उनके सपने को पंख देने का कार्य किया है। केन्द्र सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना के फलस्वरूप जिले के आदिवासी बाहुल्य डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम बंजारी के 30 वर्षीय गरीब विधवा महिला कुंती बाई का अपने लिए सुरक्षित आशियाना बनाने का सपना साकार हुआ है। इस योजना की सराहना करते हुए कुंती बाई ने बताया कि अपने पति की आकस्मिक मृत्यु एवं घोर गरीबी के कारण उनके लिए पक्का घर का निर्माण कर पाना केवल कोरी कल्पना जैसी थी।

उन्होंने बताया कि पक्का घर के निर्माण करने का सामर्थ्य नही होने के कारण वे अपने दो छोटे बच्चों के साथ पुराने मिट्टी के खपरैल वाले मकान में ही रहने के लिए विवश थीं।

## ग्राम बंजारी निवासी कुंती बाई ने पीएम आवास मिलने पर जताई प्रसन्नता

### मुसीबत से राहत मिली

जहाँ पर निवास करने में उन्हें एवं उनके परिवार को बहुत सारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। बारिश के दिनों में खपरैल वाले मकान में पानी भी टपकने जैसे अनेक प्रकार की परेशानियां होती थी। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के फलस्वरूप उनके नए घर के निर्माण होने से उनके एवं उनके परिवार के लिए सुरक्षित आवास बनाने का सपना साकार हुआ है।



### पीएम व सीएम का जताया आभार

कुंती बाई ने कहा कि उनके लिए सुरक्षित पक्का आवास का निर्माण करना किसी बड़े सपने का साकार होने जैसा है। आज वे इस आवास में अपने दोनो बच्चों के साथ निश्चिंत होकर सुखमय जीवन यापन कर रही हैं। कुंती बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना के फलस्वरूप उन्हें एवं उनके नन्हें-मुन्हें बच्चों के लिए सुरक्षित आशियाना मिलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि यह योजना उनके जैसे अनेक गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

### ग्राम सिवनी में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छाग्रही दीदियों को सीईओ ने किया प्रेरित

# स्वच्छता के बिना स्वस्थ समाज की कभी कल्पना नहीं की जा सकती : डॉ कन्नौजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर 'हमारा शौचालय, हमारा सम्मान' थीम पर निरंतर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सिवनी में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छाग्रही दीदियों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान डॉ. कन्नौजे ने स्वच्छ पर्यावरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छ पर्यावरण के लिए कम से कम सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करें जिससे प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के बिना स्वस्थ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ पर्यावरण हेतु अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा के उपाध्यक्ष पोषण बनपेला, सहित ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव एवं स्वच्छाग्रही दीदीयों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्वच्छाग्राही दीदीयों द्वारा स्वच्छता रैली, नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।






### 10 दिसंबर तक होंगे विविध आयोजन

उल्लेखनीय है कि विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर 'हमारा शौचालय हमारा सम्मान' थीम अंतर्गत 19 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 19 नवम्बर से 05 दिसम्बर तक मिशन फंक्शनेलिटि अंतर्गत सामुदायिक शौचालय का रिपेयर, रिस्टोर तथा रिफाईन पर ध्यान केंद्रित करना तथा व्यक्तिगत शौचालय व सामुदायिक शौचालय के सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी तरह 5 से 9 दिसम्बर तक शौचालय की क्रियाशीलता में सुधार, पेंटिंग सामुदायिक सहभागिता, बेस्ट शौचालय का आंकलन हेतु सर्वेक्षण एवं 10 दिसम्बर को अभियान का समापन, बेस्ट शौचालय को अवार्ड का वितरण किया जाएगा।

# आग की चपेट में आई महिला बुझाने के दौरान पति भी झुलसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




जिला मुख्यालय से लगे ग्राम झलमला में एक दंपति आग की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल दम्पति को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार घर में खाना बनाने के दौरान महिला जितेश्वरी पटेल 35 वर्ष की साड़ी में आग लग गई। आग ने पूरे शरीर को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान पत्नी की चीख पुकार सुनकर पति जितेंद्र पटेल 39 वर्ष आग को बुझाने का प्रयास किया। आग को बुझाने में दोनों सफल हो गए, लेकिन इस प्रयास में वे बुरी तरह झुलस गए। गम्भीर रूप से घायल पति-पत्नी को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के बाद रेफर किया गया। इस घटना के बाद जिला अस्पताल के ऊपर बने बर्न यूनिट में सुविधाओं की कमी एक बार फिर दिखाई दी। वार्ड में बना बर्न यूनिट शोपीस बनकर रह गया है। शासन प्रशासन इसे चालू कराने और जिलेवासियों को इसका लाभ दिलाने की दिशा में प्रयास करते नहीं दिख रहा है।

### घायलों को कब मिलेगा बर्न हॉस्पिटल

जिला अस्पताल के ऊपर बर्न यूनिट वार्ड बनाया गया है। करीब डेढ़ साल पहले यह बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन मरीजों को यहां भर्ती कराने के लिए ऊपर तक ले जाने रैंप नहीं बनाया है। वहीं, शासन प्रशासन द्वारा बर्न यूनिट वार्ड के संचालन के लिए स्टाफ और जरूरी उपकरण की व्यवस्था करने पर किसी तरह से ध्यान नहीं दिया जा रहा है, यही वजह है कि आग में झुलसे लोगों को इलाज कराने के लिए दूसरे जिलों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। सही समय पर इलाज नहीं मिलने से मरीजों व उनके परिजनों को बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। शासन प्रशासन के सामने यह बड़ा सवाल खड़ा हो जाता है कि आखिर जिलेवासियों को बर्न यूनिट का लाभ कब से मिलेगा।

# वनरक्षक भर्ती परीक्षा का मुख्य वन संरक्षक ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

20 वनरक्षक भर्ती के लिए सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम बालोद में 25 नवंबर से आयोजित शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षण शिविर का गुरुवार को मुख्य वन संरक्षक, दुर्ग वृत्त, दुर्ग डॉ. के. मैचियो ने निरीक्षण किया। मुख्य वन संरक्षक, दुर्ग वृत्त, दुर्ग द्वारा प्रवेश पत्र जांच काउंटर, शारीरिक मापजोख काउंटर, 200 एवं 800 मीटर दौड़ ट्रैक, गोला फेंक एवं लम्बी कूद काउंटर का अवलोकन कर अभ्यर्थियों से चर्चा की। चर्चा के दौरान अभ्यर्थियों ने शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षण के संबंध में किसी भी प्रकार से समस्या नहीं होने की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान बी.एस. सरोटे, वनमंडलाधिकारी बालोद, डीके सिंह उप वन संरक्षक दुर्ग, जीवन लाल सिन्हा उपवनमंडलाधिकारी दल्लीराजहरा, डिम्पी बैस उपवनमंडलाधिकारी बालोद, एनके सिन्हा संलग्नाधिकारी बालोद, रामनाथ टेकाम वन परिक्षेत्र अधिकारी बालोद, हेमलता उइके वन परिक्षेत्र अधिकारी गुरूर, किशोर कुमार साहू वन परिक्षेत्र अधिकारी लोहारा, जीवन लाल भोण्डेकर वन परिक्षेत्र अधिकारी डौण्डी, मूलचंद शर्मा वन परिक्षेत्र अधिकारी दल्लीराजहरा, राजेश उपाध्याय उपवन परिक्षेत्र अधिकारी सहित समस्त विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वनरक्षक भर्ती के तहत शारीरिक माप जोख व दक्षता परीक्षण का आज अंतिम अवसर

**बालोद।** छत्तीसगढ़, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग अंतर्गत वनरक्षक के बालोद एवं दुर्ग हेतु 20 वनरक्षक के रिक्त पदों के सीधी भर्ती अंतर्गत 25 से 29 नवंबर 2024 तक शारीरिक माप जोख एवं दक्षता परीक्षण स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम बालोद में किया जा रहा है। वनमण्डलाधिकारी बीएस सरोटे ने बताया कि आज 28 नवंबर तक संपन्न शारीरिक माप जोख एवं दक्षता परीक्षण में शामिल नहीं हो पाने वाले अभ्यर्थियों को 29 नवंबर को प्रक्रिया में शामिल होने के लिए अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 28 नवंबर तक भर्ती प्रक्रिया में शामिल नहीं होने वाले अभ्यर्थी रिजर्व तिथि 29 नवंबर को सुबह 06 बजे से भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत शारीरिक माप जोख एवं दक्षता परीक्षण में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि के बाद किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं किया जाएगा।

# खरखरा नहर में गिरा वैन, दो घायल...



**बालोद।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम मालीघोरी में खरखरा नहर में चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर गिर गया। इस दुर्घटना में वैन मालिक और उसका 5 साल का मासूम बच्चा घायल हो गए, हालांकि दोनों को मामूली चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार वैन चालक रिवर्स ले रहा था, इस दौरान यह हादसा हुआ है। हादसे के बाद बालोद पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुटी गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गनीमत रही कि नाले में पानी बहुत कम भरा हुआ था, वरना पानी में वैन डूबने से बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों की मदद से वैन को नहर से बाहर निकाला गया।

### ब्लू प्रिंट के संबंध में मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण

# बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए जुटा विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स व्याख्याताओं को 30 नवंबर एवं 2 दिसंबर को देंगे प्रशिक्षण

बोर्ड परीक्षा 2024-25 की तैयारी के परिप्रेक्ष्य में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के ब्लू प्रिंट पर प्रशिक्षण का जिला स्तर पर सेजेस हिन्दी माध्यम बालोद में आयोजित किया गया।

जिला के व्याख्याताओं को ब्लू प्रिंट पर प्रशिक्षण विकासखण्ड स्तर पर आगामी तिथि 30 नवंबर एवं 2 दिसंबर पर आयोजित होगा। इसके लिए विकासखण्ड स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विकासखण्ड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स की टीम का गठन किया गया है, जिनका प्रशिक्षण दो चरणों में 27 एवं 28 नवंबर को जिला मुख्यालय में संपन्न हुआ। ब्लू प्रिंट पर प्रशिक्षण के साथ ही उपचारात्मक शिक्षण पर भी प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि ब्लू प्रिंट के आधार पर परीक्षा की तैयारी के अंतर्गत बच्चों की क्षमता के अनुरूप वर्गीकरण कर परीक्षा केंद्रित शिक्षण का कार्य करने से हम उत्तरोत्तर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गुण्डरदेही नवीन यादव ने मास्टर ट्रेनर्स से कहा कि अर्ध वार्षिक परीक्षा के परिणाम का विश्लेषण करते हुए कम प्राप्तांक वाले विद्यार्थियों को चिन्हांकित करें एवं ब्लू प्रिंट के आधार पर परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए विशेष उपचारात्मक शिक्षण प्रदान करें इस प्रकार जिले का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत प्राप्त करने में ब्लू प्रिंट की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।



मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मुख्य प्रशिक्षक के रूप में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बालोद बसंत बाघ, प्राचार्य शासकीय बेसिक शाला उच्च माध्यमिक विद्यालय बालोद आरके वर्मा, प्राचार्य सेजेस हिन्दी माध्यम बालोद अरुण साहू, व्याख्याता शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पीपरछेड़ी यूएल देशमुख एवं व्याख्याता शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांकरा ज लोचन देशमुख उपस्थित थे।

### हम सभी को संविधान का सम्मान करना चाहिए

**दुर्ग।** दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ़ इंडिया शाखा दुर्ग एवं महिला सशक्तिकरण संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में ७५वां संविधान दिवस समारोह बड़े ही हर्षो उल्लास पूर्वक मनाया गया। दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ़ इंडिया के राष्ट्रीय ट्रस्टी आयुष्मान एसआर कानडे, बौध्द एवं प्रदेश उपाध्यक्ष आयु संजय शेन्दरे, सीके डोंगरे एवं इन्दू ढोक सुधा डोंगरे ने माल्या अर्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात तिरीशरण पंचशील एवं बुध्द वंदना का सामूहिक पाठ किया गया। सुनंदा गजभिए के द्वारा संविधान के प्रस्तावना का सामुहिक वाचन कराया गया।

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### नवागढ़ में 19 से 21 तक पंथी नृत्य प्रतियोगिता

**रायपुर**। राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों के पंथी नर्तक दल हिस्सा लेंगे। यह प्रतियोगिता बेमेतरा जिले के विकासखण्ड मुख्यालय नवागढ़ में 19 से 21 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल के नेतृत्व में सतनामी समाज प्रमुखों के दल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास कार्यालय में भेंट कर उन्हें प्रतियोगिता में शामिल होने का न्योता दिया।

### रेडी टू ईट बनाने के लिए काम देने का वादा, भूल गई सरकार

**रायपुर**। आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए 1786 स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले रेडी टू ईट को सरकार ने बांटने की मुहिम 2009 में शुरू करते हुए हजारों महिलाओं को काम दिया। वहीं पूर्व सरकार ने समूहों के हाथ से इस काम को छीनकर प्राइवेट एजेंसी को दे दिया। इसके खिलाफ जब महिलाओं ने मोर्चा खोला, तो बीजेपी ने सत्ता में आने पर वापस काम देने का भरोसा दिलाया और इसे घोषणापत्र में शामिल किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला स्व सहायता समूह रेडी टू ईट संघ की कल्पना पाटिल, सरस्वती दुबे, रेखा तिवारी, मोंगरा देवी साहू, पिंकी वर्मा ने सोमवार को प्रेसवार्ता में बताया कि हमें मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली कि महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े पूर्व में रेडी टू ईट बनाने वाले समूहों को वापस काम दिलाने के लिए प्रक्रिया कर रही हैं। इससे उम्मीद जगी कि हमें काम मिलेगा। सच्चाई यह है कि पूर्व में रेडी टू ईट बनाने वाली महिलाएं अभी तक बेरोजगार हैं। हमें रेडी टू ईट का पैकेट तैयार करने के लिए अभी तक कोई दिशा-निर्देश नहीं मिला है। अगर समय रहते रेडी टू ईट बनाने का काम हमें वापस नहीं दिया गया, तो उग्र आंदोलन करने के लिए विवश होंगे।

### घायल जवानों को राज्यपाल ने दी आर्थिक सहायता

**रायपुर**। राज्यपाल रमेन डेका ने अपनी संवेदनषीलता का परिचय देते हुए नक्सली हिंसा में घायल हुए कांकेर जिले के जिला रिजर्व फोर्स के दो जवानों खिलेष्वर गावड़े और हिरामन यादव को बेहतर ईलाज के लिए 25-25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता अपने स्वेच्छानुदान मद से प्रदान की है। इसके अलावा सषस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर संचालनालय सैनिक कल्याण बोर्ड को 2 लाख रूपए की राषि भी स्वेच्छानुदान मद से प्रदान की है।

### एक फोन से विजय लक्ष्मी को मिली मेडिकल अलाउंस राशि

**रायपुर** । एक फोन से वार्ड नंबर-35 निवासी विजय लक्ष्मी चौहान को मेडिकल अलाउंस की राशि मिल गई। उसने कलेक्टोरेट जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर में फोन करके मेडिकल अलाउंस देरी से मिलने की शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि वह राजस्व विभाग में पदस्थ है। उन्होंने राजधानी स्थित एमजीएम अस्पताल में आंख का आपरेशन करवाया था। उनको 33 हजार 6 सौ रूपए का बिल विभाग से मिलना था, लेकिन भुगतान मिलने में देरी हो रही थी। इस शिकायत के बाद संबंधित विभाग ने तत्काल मेडिकल बिल का भुगतान करवा दिया, जिसकी जानकारी विजय लक्ष्मी को दी गई।

### सहकारी बैंकों में घोटाला, कलेक्टर-सीईओ को ज्ञापन

**रायपुर**। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की विभिन्न शाखाओं में करोड़ों रुपए के गबन के मामले में कार्यवाही के लिए कलेक्टर और बैंक के सीईओ को ज्ञापन सौंपा गया है। एनएसयूआई को ग्रामीण अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी ने आरोप लगाया है कि बैंक के सीओडी शाखा, गंज शाखा, अभनपुर शाखा, बलौदाबाजार शाखा में जमा राशि का गबन बैंककर्मियों ने किया है। बैंकप्रबंधन कार्यवाही के नाम दिखावा कर रहा, घोटालेबाजों को अब तक ना तो सस्पेंड किया है ना ही उन पर अपराध दर्ज कराया है। उन्होंने एक सप्ताह भीतर सभी दोषियों के खिलाफ एफआईआर और निलंबन की मांग कलेक्टर गौरव सिंह से की गई है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका,
झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज

## पारसास में किया गया निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य व जागरूकता शिविर का आयोजन

# आयुष स्वास्थ्य शिविर में 487 लोगों की जांच, निःशुल्क उपचार कर दी गई दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिलास्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता शिविर का आयोजन 27 नवंबर को नगर के वार्ड क्रमांक 20 पाररास में किया गया। शिविर में कुल 487 मरीजों को निःशुल्क उपचार कर औषधि प्रदान की गई। साथ ही इस शिविर में 82 मरीजों को नेत्र जांच किया गया, 38 मरीजों की हीमोग्लोबिन जांच व 89 मरीजों की ब्लड शुगर जांच की गई।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, प्रेम साहू, सरोजिनी डोमेन्द्र साहू, लेखन साहिरो, डॉ आरएम चावड़ा, बेल्सर, जिला आयुष अधिकारी डॉ ज्योति गजभिऐ, आयुष विभाग के चिकित्सक एवं स्टाफ तथा नागरिकों की उपस्थिति में भगवान श्री धन्वंतरी की पूजन अर्चना कर किया गया। सरोजिनी डोमेन्द्र साहू ने अपने उद्बोधन में आयुष चिकित्सा पद्धति के लाभ बताते हुए इसे सभी को अपनाने की अपील की। उपस्थित जनसमुदाय को इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में आयुष चिकित्सक डॉ कामना पाठक, डॉ राजेश कुमार झारिया, डॉ शिव कुमार बारले, डॉ बलराम अग्रवाल, डॉ शैलेन्द्र स्वर्णकार, डॉ श्वेता मरावी, डॉ सनत देवांगन, डॉ पूर्णिमा नायक, डॉ चौतन्य पटेल, फार्मासिस्ट मनोज साहू, नरेश भूआर्य, खिलानंद साहू, असवंत साहू, महेंद्र साहू, सत्येन्द्र उपाध्याय, दुलार दास मानिकपुरी, शीतल चुरेन्द्र, औषधालय सेवक शत्रुघ्न लाल ठाकुर, अंकालूराम ठाकुर, रोहित कुमार कतलम, रामचंद जायसवाल, आजाद कुमार साहू, लक्ष्मी नारायण मानकर,तारिणी साहू, आशुतोष राजेत्री, नेत्र सहायक अधिकारी अर्चना ठाकुर, सीएचओ देविका पटेल ने अपनी सेवाएं प्रदान की।



### प्राचीन चिकित्सा पद्धति को अपनाने के लिए किया प्रेरित

पवन साहू ने आयुर्वेद की सार्वभौमिक महत्ता एवं विश्व की सबसे प्राचीन चिकित्सा पद्धति को सभी को अपनाने की बात कही। साथ ही देश के प्रकृति संरक्षण जैसे महाअभियान में सभी नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अनियमित दिनचर्या एवं खानपान को ही रोग का मुख्य कारण होना बताया। साथ ही आयुष विभाग द्वारा विकासखण्ड स्तर के अधिक से अधिक आयुष शिविरों के आयोजन करने की बात कही गई।

### जिले में संचालित संस्थाओं की दी गई जानकारी

जिला आयुष अधिकारी डॉ ज्योति गजभिऐ ने आयुष विभाग जिला बालोद में स्थित सभी 51 संस्थाओं एवं उनमें संचालित होने वाली समस्त गतिविधियों और योजनाओं की संक्षिप्त विभागीय जानकारी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमुदाय को प्रदान की गई। डॉ शैलेन्द्र स्वर्णकार द्वारा कार्यक्रम का मंच संचालन कर शिविर की संपूर्ण व्यवस्था और नियंत्रण का कार्य किया गया। जिला आयुष शिविर प्रभारी डॉ राजेश कुमार झारिया द्वारा सभी अतिथियों, समस्त चिकित्सकों एवं सहयोगी स्टाफ तथा उपस्थित जनसमुदाय का आभार प्रदर्शन किया गया।

### कार्यक्रम में शामिल लोगों को किया गया आयुष काढ़ा का वितरण

आयुष स्वास्थ्य शिविर में समस्त प्रकार के रोगों जैसे वातरोग, मांसपेशियों एवं संधिगत रोग, पेट रोग, चर्मरोग, शिशु रोग, स्त्रीरोग, मुखरोग, दंत रोग, नेत्ररोग, एलर्जी पुरानी सर्दी जुखाम, ब्लडप्रेशर, मधुमेह, अनिद्रा, मोटापा, अवसाद एवं मौसम परिवर्तन से होने वाली बिमारियों का आयुष पद्धति से रोग निदान कर कुल 487 मरीजों को निःशुल्क औषधि प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह के रूप में अश्वगंधा का पौधा भेंट किया गया। इसके साथ कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को आयुष काढ़ा का वितरण किया गया।

## गुण्डरदेही विद्यालय में संविधान दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुण्डरदेही में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं तथा राष्ट्रीय सेवा योजना और एनसीसी के कैडेट्स ने रंगोली, चित्रकला और कविता भाषण की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिवक्ता बीएल सिन्हा थे। इव अवसर पर प्रधान पाठक आरआर चंद्राकर, चंद्रकांत साहू, व्याख्याता आरबी ठाकुर, केके हिरवानी, ओपी साहू, हर्ष गुप्ता, अशोक साहू, एमके चेलक, मिथिलेश चंद्राकर, शीतल ठाकुर, पीटीआई निर्मलकर सहित संस्था के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में खुशी महोबिया, सुहानी वर्मा, साहिबा, सोनिया ने स्वागत गीत एवं कविताएं प्रस्तुत किए। कामिनी भूमिका सोनिया और सानिया ने संविधान दिवस पर रंगोली बनाई। सभी प्रतिभागियों को विद्यालय परिवार की ओर से प्रेरणा



स्वरूप लेखनी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि अधिवक्ता बीएल सिंह ने संविधान पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक श्री चंद्राकर ने गीत तथा चंद्रकांत साहू, ओपी साहू, केके हिरवानी ने अपनी बात रखी। पीटीआई ने गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी केएस कुल्हारे और आभार प्रदर्शन एनसीसी अधिकारी केके कोशिमा ने किया।

## पुकेश्वर सिंह भारदीय कालेज में मनाया गया संविधान दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय, निकुम की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संविधान दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. डीके बैलेन्द्र के मार्गदर्शन, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी वेदप्रकाश ठाकुर तथा राजनीति विज्ञान विभाग के ओम प्रकाश के संचालन में हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य ने संविधान दिवस का महत्व बताया तथा संविधान से संबंधित जानकारी प्रदान की। संविधान की प्रस्तावना के सामुहिक वाचन के बाद विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। क्विज में गांधी दल के आशीष, मोहित और दीपेश विजेता तथा गांधी दल के सुमन, जागृत और ढालेन्द्र उपविजेता रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापक डॉ. सीमा जायसवाल, डॉ. शिप्पी देवांगन, अंजु रानी ठाकुर, पूजा सोढा, अन्नपूर्णा यादव अतिथि व्याख्याता कामता प्रसाद बंजारे, ओम प्रकाश, जीवंतिका ठाकुर, गोपाल पाली एवं स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

## पोंड़ सहकारी समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष चमनलाल ने लिया पदभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

बालोद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पोंडी में संचालित सेवा सहकारी समिति में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जारी है। इस बीच प्राधिकृत अध्यक्ष चमन लाल साहू ने पदभार ग्रहण किया।

इस अवसर पर समिति के कर्मचारी, सरपंच, पंचायत सचिव एवं पटवारी ने श्री साहू का स्वागत किया। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि किसानों को खरीदी केन्द्र में किसी भी प्रकार से परेशानियों न हो, नियमतः खरीदी हमारा प्रथम लक्ष्य है। उन्होंने व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी कर्मचारियों से सहयोग प्रदान करने की अपील की। इस अवसर पर सहायक समिति प्रबंधक मनोज कुमार साहू कंप्यूटर आपरेटर निर्मल साहू सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित थे। प्राधिकृत अध्यक्ष ने कहा कि ख़रीदे गए धान का परिवहन नहीं होने से जाम की स्थिति बनी हुई है। यही स्थिति रही तो कुछ दिनों बाद खरीदी प्रभावित होने की संभावना है।

## बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार आज प्रतिभा सम्मान सहित होंगे कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार उनकी पुण्यतिथि 29 नवंबर को प्रतिवर्ष विद्यालय प्रांगण में मनाया जाता है। इसी दिन बंशीलाल भारद्वाज शासकीय हाईस्कूल का वार्षिकोत्सव का भी आयोजन किया जाता है। इसके तहत आज भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में विद्यालय के प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को मेडल व प्रशस्त्रि पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

इसके साथ ही शिक्षा, समाजसेवा, कला, साहित्य एवं आध्यात्म के साथ क्षेत्र के विकास में बहुमूल्य योगदान देने वाली महान हस्तियों को 'बंशीलाल भारद्वाज




गौरव अलंकरण' व 'बंशीलाल भारद्वाज गौरव सम्मान' भी प्रदान किया जाएगा। बता दें कि जोगी राम कुरैटी द्वारा दी गई 7 एकड़ भूमि एवं बंशीलाल भारद्वाज के निरंतर प्रयास से मात्र 200 की आबादी वाले ग्राम में क्रमशः प्राथमिक से हाई स्कूल तक खुल गए। यहां कन्या एवं बालक छात्रावास भी खुल गए, जहां वर्तमान में कांकेर, बस्तर, धमतरी, राजनांदगांव, बालोद, दुर्ग के आदिवासी बच्चे रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। इस वर्ष आयोजन का 11वाँ वर्ष है। यह आयोजन प्रेमलता जगदीश भारद्वाज फाउण्डेशन ग्राम अर्जुनी (गुरूर) व सुमित्रादेवी चौहान फाउण्डेशन रामनगर भिलाई किया जाता है।

## शिक्षक वर्ग से शशिकला व विद्यार्थियों में नैना प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा शिक्षक व छात्रों के लिये भव्य शिकसा द्वार सजाओ रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 400 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपने द्वार को रंगोली से सजाया। संस्थापक व संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन आस ने परिणाम घोषित करते हुए बताया कि प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाए थे, जिसके कारण निर्णय करने में काफी समय लगा। उन्होंने बताया कि शिक्षक वर्ग से प्रथम स्थान शशिकला पाण्डेय उच्च वर्ग शिक्षक कुरुद भिलाई जि.दुर्ग, द्वितीय छाया साहू शिक्षक डूमरपारा जिला सक्ति व तृतीय स्थान शिल्पी राय शिक्षक कुआंगोदी जिला बालोद ने प्राप्त किया। इसी तरह विद्यार्थी वर्ग से प्रथम स्थान नैना निषाद पारागांव अभनपुर जि.रायपुर, द्वितीय स्थान सूर्यकांत वर्मा परसदा 05 (सोंठ) अभनपुर जि.रायपुर व तृतीय स्थान फाल्गुनी साहू ग्राम रॉवड पो.परसदा (जोशी) वि.खं.फिंगेश्वर जि.गरियाबंद रहे।

■ शिकसा ने जारी किया रंगोली प्रतियोगिता का परिणाम




संयोजक डॉ. देवांगन ने बताया कि सभी विजेताओं को 5 जनवरी 2025 को होने वाले शिकसा महोत्सव कार्यक्रम में पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपना पुरस्कार लेने का आग्रह किया है। इस अवसर पर प्रांताध्यक्ष कौशलेन्द्र पटेल, उपाध्यक्ष हर्षा देवांगन, प्रीतिचंद्र मल्लिका, विनोद डडसेना, महासचिव डॉ.बोधीराम साहू, कोषाध्यक्ष जगन्नाथ प्रसाद देवांगन, संगठन मंत्री राधेश्याम कंवर, मीडिया प्रभारी गोपाल ध्रुव, सहसचिव उषा भट्ट, सलाहकार डॉ.प्रमोद आदित्य व टीकाराम सारथी हसमुख सहित सभी सदस्यों ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

## शैलदेवी महाविद्यालय के छात्रों ने देखा विज्ञान केंद्र




**अंडा**। शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए विज्ञान केंद्र, रायपुर ले जाया गया। इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों के साथ ही ग्राफिक के माध्यम से तारामंडल तथा खेल-खेल के माध्यम से विज्ञान के अनुप्रयोगों को समझा। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के प्राध्यापक उपस्थित थे। महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. राजन कुमार दुबे ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण पर जाने से विद्यार्थी नई चीज़ सीखते हैं, उनके व्यक्तित्व का विकास होता है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है। भ्रमण विद्यार्थियों को अनुभव से सीखने का एक अच्छा अवसर प्रदान करता है।

## आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष बनाए गए बालक

**बालोद**। आप बालोद के जिला इकाई में नवनियुक्ति हुई है। बालक साहू को आम आदमी पार्टी का बालोद जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय संयोजक आम आदमी पार्टी अरविंद केजरीवाल की मंशानुसार राष्ट्रीय महासचिव संगठन डॉक्टर संदीप पाठक के मार्गदर्शन से छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी एवं विधायक बुराड़ी दिल्ली संजीव झा के आदेश पर प्रदेश अध्यक्ष आप छत्तीसगढ़ गोपाल साहू की अनुमति से आप बालोद जिला इकाई पर नवनियुक्तियां की गई। बालक साहू को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया, साथ ही पूर्व में जिला मीडिया प्रभारी रहे पंकज जैन को पुनः जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। उपाध्यक्ष प्रकाश सोनकर, भुनेश्वर कुंभकार एवं लक्ष्मण सोनवानी को नियुक्त किया गया है। राम कैलाश को महासचिव एवं सोशल मीडिया प्रभारी का प्रमुख जिम्मेदारी पारसमणी साहू को नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम चंद्राकर, दीपक आरदे, चौवेंद्र साहू, कांता गरिया, गुमान साहू, ईश्वर ठाकुर, विनय गुप्ता, मधुसूदन साहू, हरप्रसाद निर्मलकर, किरण साहू सहित सभी कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।


■ पार्टी द्वारा की गई जिला इकाई में नवनियुक्ति

## विद्यार्थियों को बताए बाल विवाह के दुष्परिणाम





**अंडा**। ग्राम पंचायत विनायकपुर के हायर सेकंडरी स्कूल में बालक-बालिकाओं को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ के तहत शपथ दिलाई गई। उन्हें बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही समाज में बाल विवाह न हो इसके लिए जागरुकता लाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि आत्मनिर्भर बनने के लिए शिक्षा को पहली प्राथमिकता दिया जाना अत्यंत आवश्यक है। इसी तरह ग्राम पंचायत निकुम, आमटी, अंडा, मतवारी, जंजगिरी में ग्राम सभा का आयोजन कर शपथ ग्रहण के साथ ही बाल विवाह नहीं होने देने तथा कहीं पर बाल विवाह होने की जानकारी मिलने पर इसकी सूचना विभाग को देने के लिए कहा गया। कार्यक्रम में सरपंच व पंचों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्पेशल ट्रेन से 21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के
भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर
में उपलब्ध हो गयी है।

CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511